BUSINESS STANDARD HINDI, Delhi, 26.1.2018
Page No. 5, Size:(4.63)cms X (9.11)cms.

आधार कार्ड जरूरी होना चाहिए

देश में पहला आधार कार्ड महाराष्ट्र के नंदूरबार जिले में एक आदिवासी महिला को आवंटित हुआ था। अगर कहीं कोई छोटा बच्चा गुम होता है तो आधार कार्ड के बार कोड से ठीक जगह का पता लगाकर पहुंचाया जा सकता है। आयकर प्रारूप फॉर्म सत्यापन में आधार के जरिये रिटर्न तुरंत अपलोड होता है। तकनीक के जमाने में बड़े-बड़े आर्थिक लेनदेन पर नजर रखना जरूरी हो गया है। आधार से कर चोरी रुकेगी। सब्सिडी का लाभ एक ही बार मिलेगा। हालांकि शुरू में कुछ तकलीफ जरूर होगी लेकिन इससे अवैध व्यवहार रोके जा सकते हैं।

सदाशिव गायकवाड़, नासिक